महिला अस्पताल में प्रसव के नाम पर रुपये मांगने पर भड़के स्वजन, हंगामा

हनुमान मूर्ति से प्रसव कराने आई महिला से हाथापाई का भी आरोप, महिला ने दी तहरीर

जागरण संवाददाता, मुरादाबाद : जिला महिला अस्पताल में रात में प्रसव कराने और बच्चा देने के लिए गर्भवती और प्रसूता से रुपये मांगने का मामला सामने आया है। पहले मामले में पीड़ित महिला ने सिविल लाइंस थाने में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। दूसरे मामले में असालतपुरा निवासी महिला को प्रसव के बाद बच्चा देने की एवज में नर्सिंग स्टाफ पर मिठाई के रुपये मांगने का आरोप है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार पहली महिला ने इंजेक्शन लगाने और इलाज कराने से मना किया, जबकि दूसरे मामले में जांच की जा रही है।

जिला महिला अस्पताल में प्रतिदिन औसतन 12 प्रसव होते हैं। गुरुवार सुबह चार बजे हनुमान मूर्ति, देहरी गांव चौराहा निवासी रीना अस्पताल पहुंचीं। रीना का आरोप है कि महिला चिकित्सक और नर्स ने प्रसव कराने के लिए 15 हजार रुपये मांगे। रुपये देने से इन्कार किया तो विवाद हो गया। आरोप है कि स्वजन को बुलाने के लिए जाने लगीं तो उनके साथ हाथापाई की गई। रीना ने डायल 112 पर सूचना देने के बाद सिविल लाइंस थाने में शिकायत की। दूसरे मामले में असालतपुरा निवासी शहनाज बुधवार रात करीब 10 बजे प्रसव पीड़ा के बाद अस्पताल पहुंचीं। रात 11 बजे सामान्य प्रसव से बच्ची का जन्म हुआ। शहनाज का आरोप है कि प्रसव के बाद बच्ची को देने के लिए रात में स्टाफ ने परिवार से पांच हजार रुपये मिठाई के नाम पर मांगे। शहनाज ने रुपये देने में असमर्थता जताई तो काफी देर तक उन्हें बच्ची नहीं दी गई। इस संबंध में इंस्पेक्टर सिविल लाइंस हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि प्रकरण की जानकारी नहीं है न ही शिकायती पत्र मिला है।

> 33 सप्ताह की गर्भवती महिला को लेबर रूम में टीका लगाने के दौरान विवाद की सूचना मिली थी। महिला को दबा देकर भर्ती करने की प्रक्रिया चल रही थी, लेकिन वह बिना बताए अस्पताल से चली गई। हमने पीआई सौंप दी है। रात में तैनात चिकित्सक और स्टाफ नर्स से पूछताछ की जाएगी।
> – डा. कश्मीर सिंह, सीएमएस।

सिटी स्कैन मशीन खराब जांच के लिए मरीजों की बढ़ी परेशानी

मुरादाबाद : जिला अस्पताल में बुधवार को डिजिटल एक्स-रे मशीन ठीक होने के बाद अब सिटी स्कैन मशीन में खराबी आ गई है। इससे अस्पताल में सिटी स्कैन कराने पहुंच रहे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रमुख चिकित्साधीक्षक डा. प्रदीप कुमार वार्ष्णेय ने बताया कि सिटी स्कैन मशीन फिलहाल काम नहीं कर रही है। इसे ठीक कराने के प्रयास जारी हैं। मशीन के जल्द दुरुस्त होने की उम्मीद है।

किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास करने वाले को सात साल की सजा

जास, मुरादाबाद : किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास करने वाले शफात उर्फ मोहिया उर्फ मोनू को अदालत ने सात साल की सजा सुनाई है। साथ ही 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। इस मामले की सुनवाई विशेष पाक्सो कोर्ट में चली।

मझोला क्षेत्र का यह मामला 10 जून 2018 का है। जिसमें मीना नगर निवासी शफात उर्फ मोहिया उर्फ मोनू एक नाबालिग बालिका को जबरन खंडहर में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया था। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित के खिलाफ कार्रवाई की थी। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश (पाक्सो) कोर्ट-एक रेशमा चौधरी की अदालत में चली। विशेष लोक अभियोजक मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि कोर्ट ने आरोपित को दोषी मानते हुए सात साल की सजा सुनाई। साथ ही उस पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

महिला से छेड़छाड़ करने वाले को छह साल की सजा

जास, मुरादाबाद : घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ करने और विरोध पर पिटाई करने वाले बंटी को अदालत ने दोषी करार देते हुए छह साल की सजा सुनाई है। साथ ही 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। तीन जून 2020 को सिविल लाइंस क्षेत्र की महिला ने दर्ज कराई प्राथमिकी में बताया कि बंटी जबरन घर में घुस गया था। उसने छेड़छाड़ की। विरोध करने पर मारपीट की। इस मामले की सुनवाई एडीजे/एफटीसी-एक प्रीति सिंह की अदालत में चली। एडीजीसी अशोक कुमार यादव ने बताया कि अदालत ने साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर ने बंटी को दोषी करार देते हुए छह साल की सजा सुनाई।

आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती में रिश्वत लेने का आरोप, डीएम के आदेश पर जांच शुरू

जागरण संवाददाता, मुरादाबाद : आंगनबाड़ी सहायिका की भर्ती प्रक्रिया पर सवाल खड़े होने लगे हैं। बिलारी के भिड़वारी गांव निवासी रीनू ने नियुक्ति दिलाने के नाम पर एक लाख रुपये मांगने और रकम देने के बावजूद नौकरी नहीं मिलने का आरोप लगाया। रीनू के पति मनोज कुमार ने जिलाधिकारी से शिकायत कर मामले की जांच कराने और रकम वापस दिलाने की मांग की। डीएम ने जांच पीडी, डीआरडीए एवं प्रभारी जिला विग्रस अधिकारी श्लेकांक पांडे को सौंपी है।

शिकायत में रीनू ने बताया कि उसने आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए आवेदन किया था। उसके मुताबिक क्षेत्र में ओबीसी वर्ग के लिए सहायिका पद पर नियुक्ति होनी थी और तीन अभ्यर्थियों के नाम सामने आए थे। आरोप है कि नियुक्ति सुनिश्चित कराने के नाम पर बिलारी के सीडीपीओ ने उससे एक लाख रुपये लिए। रकम देने के बाद भी नियुक्ति किसी अन्य अभ्यर्थी की कर दी गई। रीनू के अनुसार, जब उसने और उसके पति ने रकम वापस मांगी तो उन्हें टाल दिया गया। आरोप है कि 14 जुलाई को वह रकम वापस लेने के लिए सीडीपीओ के घर पहुंचे। वहां सीडीपीओ और उनकी पत्नी ने उसके साथ अभद्रता कर भगा दिया। इसी क्षेत्र में आंगनबाड़ी भर्ती को लेकर एक और शिकायत सामने आने से मामला और गंभीर हो गया है। नौसना स्योंडार गांव की रहने वाली रेखा देवी ने भी भर्ती के नाम पर 50 हजार रुपये मांगने का आरोप लगाया है। हालांकि दोनों मामलों में लगाए गए आरोप अभी जांच के दायरे में हैं। जांच कर रहे अधिकारियों ने शिकायतकर्ता के बयान दर्ज कर लिए हैं।

> बेनो महिलाओं की शिकायत पर जांच हो रही है। एक मामले में गलत आरक्षण के आधार पर नियुक्ति का विज्ञापन जारी होने की बात सामने आई है, इसलिए नियुक्ति अंतिम समय में रोक दी गई। दूसरा मामला विवादित है। रिश्वत लेने या मांगने के आरोप प्रथम दृष्टया सही नहीं लग रहे हैं। जांच के बाद उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कार्रवाई होगी।
> – शैलेंद्र राय, जिला कार्यक्रम अधिकारी।

गाली-गलौज का विरोध करने पिता-पुत्र को पीटा

जास, मुरादाबाद : कटघर क्षेत्र के मिलक कल्याणपुर निवासी रविंद्र ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 11 अगस्त को रात करीब आठ बजे वह अपने घर पर था। उसी दौरान गांव के ही सचिन, अपने भाई रमा और दीपक के साथ आया और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने मुझे और पिता हुकुम सिंह पर लाठी-डंडा और सरिया से हमला कर दिया। रविंद्र के सिर और शरीर पर काफी चोट आ गई और वह लहूलुहान हो गया। बाद में आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र कुमार ने बताया कि शिकायती पत्र के आधार पर तीन आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

पावर आफ अटार्नी लेकर जमीन बेची प्राथमिकी दर्ज

जास, मुरादाबाद : मझोला क्षेत्र में पावर आफ अटार्नी के जरिए जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर बिक्री करने वाले दस लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और धमकी देने की धाराओं में प्राथमिकी लिखी गई है। पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर भोगपुर मिठौनी उर्फ सिरकोई भूड़ निवासी अनवर अली के शिकायती पत्र पर कार्रवाई की है।

अनवर अली ने बताया कि उनके पिता ऐवज अली ने शाहपुर तिगरे में जमीन खरीदी थी। पिता की मृत्यु के बाद जमीन उनके और उनके दो भाइयों अकबर अली व सत्तार अली के नाम हो गई। उन्होंने जमीन बेचने के लिए मझोला के ज्ञानी वाली अस्ती निवासी प्रदीप कुमार सैनी और प्रयागनगर निवासी विजय कुमार कश्यप से 20 लाख रुपये में सौदा किया था। प्रदीप सैनी ने कानूनी कार्रवाई का हवाला देते हुए मुख्तारेआम (पावर आफ अटार्नी) बनवाने के लिए कहा। 10 जुलाई 2023 को प्रदीप के पक्ष में पावर आफ अटार्नी कर दी। बाद में प्रदीप कुमार सैनी ने जमीन को लेकर फर्जीवाड़ा शुरू कर दिया। कूटरचित दस्तावेज तैयार कर बंगला गांव निवासी रमनलाल सैनी से एक लाख रुपये लेकर जमीन का एग्रीमेंट कर लिया। आरोपितों ने जमीन पर अवैध कब्जा कर बेचने का प्रयास किया। प्रदीप कुमार सैनी, रमनलाल, नीरज कुमार, मुकेश, जगराम, जीवाराम, सतीश चंद्र सक्सेना, शिखा वसु, प्रयागनगर निवासी विजय कुमार कश्यप समेत दस लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

पेज से संबंधित खबरें: https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_moradabad-city-news-hindi.html पर भी देखें।

UTTAR PRADESH MEDICAL SUPPLIES CORPORATION LTD.
(A Government of Uttar Pradesh Undertaking)

Tender Notice

Tender Ref.No: UPMSCL/Drugs-255/18 Dated: 10th August, 2026

e-TENDER FOR SUPPLY OF DRUGS

Online tenders are invited from licensed manufacturers for supply of drugs to UPMSCL. The details of tender, list of items and Tender Documents are made available on website https://etender.up.nic.in and www.upmsc.in. The last date/time of online submission of the tender documents is 31st August, 2026 up to 15:00 Hrs.

Managing Director
UPMSCL, Lucknow, Uttar Pradesh
Department of Medical Health & Family Welfare, Uttar Pradesh

उत्तर प्रदेश पावर ट्रान्समिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड
अधीक्षण अभियन्ता विद्युत जानपद पारेषण मण्डल–मुरादाबाद

ई–निविदा सूचना 21/ECTC/MBD/2026-27
पत्रांक : 1058 दिनांक : 12.08.2026

निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण

कार्य का नाम: 220 के.वी. उपकेन्द्र रामपुर पर (3x100–1x150) एम.वी.ए से (2x100+2x160) एम.वी.ए. की क्षमतावृद्धि से सम्बन्धित जानपदीय निर्माण कार्य।

ई–निविदा प्रपत्र शुल्क : रू0 590	धरोहर राशि : रू0 12,400

ई– निविदा की अन्तिम तिथि: 14 सितम्बर 2026, 14.00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

रेल विकास निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
वेबसाइट: www.rvnl.org, ईमेल: info@rvnl.org
सीआईएन: L74899DL2003GOI119058

अभिरुचि की अभिव्यक्ति (EXPRESSION OF INTEREST)

Eoi संख्या: RVNL/BD/Eoi/2026/01

कार्यकारी निदेशक/व्यवसाय विकास, रेल विकास निगम लिमिटेड की ओर से, भारत में तथा विदेशों में आगामी परियोजनाओं के लिए rvnl, के साथ संयुक्त उद्यम (JV)/कंसोर्टियम भागीदार के रूप में सहयोग करने के इच्छुक एवं मेट्रो, रेलवे, राजमार्ग, सतही एवं भूतल परिवहन, समुद्री एवं पत्तन परियोजनाओं, सुरंग, संस्थागत भवन, कार्यशालाएं/डिपो, हवाई अड्डे, सिंचाई, नहरें, ट्रैक्शन एवं विद्युत आपूर्ति (ओएचई/मेट्रो), रेलवे सिग्नलिंग, विद्युत वितरण एवं वितरण, सौर ऊर्जा प्रणालियां, रेलवे सिग्नलिंग एवं दूरसंचार (S&T) कार्य तथा EOC अनुबंध में उल्लिखित मिशन गतिक कार्यों में अनुभव रखने वाली भारतीय कंपनियों से पात्रि की अभिव्यक्ति (Expression of Interest–EoI) आमंत्रित की जाती है।

EoI जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय: 26.08.2026 को 15:00 बजे (IST) तक

अधिक विवरण एवं नवीनतम अद्यतन के लिए कृपया देखें: https://rvnl.org/active-tenders

किसी प्रकार के संशोधन/शुद्धिपत्र उपरोक्त पोर्टल पर प्रकाशित किए जायेंगे.

नवीन एवं चतुर्वेदी – (कार्यकारी निदेशक/व्यवसाय विकास)

पंजाब स्टेट पावर कारपोरेशन लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: पीएसईबी मुख्यालय, दि माल पटियाला-147001
दूरभाष सं. 95461-18774, ई-मेल आईडी:-semeteringpatiala@gmail.com
कारपोरेट पहचान संख्या सं. U40109PB2010SGC033813, वेबसाईट: www.pspcl.in

निविदा फुलताड सं. एचक्यूपी-269/2026-27/पीओ(एम) दिनांक 12.08.2026

मुख्य अभियंता/मीटरिंग, सी-3, शक्ति विहार, पीएसपीसीएल, पटियाला द्वारा वारंटी अवधि के पश्चात 5 वर्षों की एएमसी के साथ पावर क्वालिटी मीटर्स की टेस्टिंग के साथ एक्सरेसी क्लास 0.02 के 5 सं. 20 पजिशन फुल्ली ऑटोमेटिक मीटर टेस्टिंग बेंचेज की प्रापयमेंट हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत एनआईटी एवं निविदा विनिर्देशन के लिए कृपया 13.08.2026 को प्रातः 11.00 बजे से https://eproc.punjab.gov.in पर पधारें।

टिप्पणी: शुद्धिपत्र और परिशिष्ट, यदि कोई हुआ, https://eproc.punjab.gov.in पर ऑनलाईन प्रकाशित किया जाएगा।

सी 792/26 Pro No.: 107 9/12/2026-27/14228

कार्यालय नगर परिषद, सीकर (राज0)
Add:- NEAR AMBEDKAR CIRCLE Sikar Pin 332001
Email:- sikarulb.jaipur@gmail.com

क्रमांक : 2565 दिनांक : 07.08.2026

अल्पकालीन ई–निविदा सूचना सं. 27/2026–27

नगर परिषद सीकर द्वारा ऑन कमरा निर्माण के लिए निम्नित कार्यों हेतु सहल श्रेणी की पंजीकृत फैलेदारों/फर्मों से ई–निविदा दरों कार्य को अल्पकालीन ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। अल्पकालीन ऑनलाईन निविदा समाप्ति की तिथि 14.08.2026 सायं कार्य 05:30 बजे तक तथा ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि 14.08.2026 सायं 06:00 बजे से है तथा निविदा पेरे ईएमडी राशि का डिमांड ड्राफ्ट तथा नोटिस में वर्णित किये गये वांछित दस्तावेजों की छाई कॉपी जमा कराने की दिनांक 14.08.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक रहेगी।

निविदा सम्बन्धी विवरण का अवलोकन नगर परिषद सीकर कार्यालय एवं नगर परिषद की वेबसाईट व कार्य का विवरण www.sppp.raj.nic.in पर भी देखा जा सकता है एवं कार्य की ऑनलाईन निविदा http://eproc.rajasthan.gov.in/ पर ही प्राप्त की जावेगी।

NIB CODE : DLB2627A6595

S.NO.	UBN ID
01	DLB2627WLCB16546

राज.सा.वार्ता/सी/26/9811 नगरिष्ठ आयुक्त नगर परिषद, सीकर

ऊर्जा विभाग
निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से इवर मण्डल अभियन्ता/समकक्ष द्वारा निम्नलिखित ई–टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन 15:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत और धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल ईएमडी पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट स्लीप आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.iregp.gov.in पर देखें।

टेन्डर संख्या	154-DRM-MB-26-27 Date - 13.08.2026
कार्य का नाम	Supplying & Loading, leading, unloading & stacking of 58000 cum machine crushed stone ballast of 65 mm gauge size as per Railway Specification including loading of ballast into Rly. Wagons / hoppers at mandi Dhanaura Depot. under Sr.DEN/Co./MB.
टेन्डर क्लोजिंग दिनांक	08.09.2026
टेन्डर क्लोजिंग समय	15:00 hrs.
अनुमानित लागत (रू.)	10,48,58,000.00
धरोहर राशि (रू.)	20,99,200.00
कार्य पूर्ण करने की अवधि	10 माह
विविध आहरण तिथि	22.08.2026

टेंडर नं.: Sr. DEN-C/Publication/26-27 दिनांक: 13.08.2026 2801/2026

ग्राहकों की सेवा में गुणवत्ता के साथ

कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला संयुक्त चिकित्सालय, सम्भल

पत्रांक : सी.एच.एस./ई–निविदा/लिफ्ट संचालन का विज्ञापन/2026–27/2024 दिनांक 12.08.2026

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना वित्तीय वर्ष 2026–27 (लिफ्ट संचालन हेतु)

महामहिम श्री राज्यपाल महोदय उ.प्र. जी ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा जनपद सम्भल में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अन्तर्गत स्थापित जनपद सम्भल में स्थापित दो यात्री लिफ्ट जिला संयुक्त चिकित्सालय, मुख्य भवन में तथा एक यात्री लिफ्ट सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एन.सी.एच. सिंह चन्दौसी व एक यात्री लिफ्ट सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एन.सी.एच. सिंह गुन्नौर हेतु संचालन के कार्य के वास्ते अनुभवी निविदादाताओं से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

ई–निविदा की अनुमानित धनराशि रू. दस लाख व धरोहर राशि रू. बीस हजार जो कि मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला संयुक्त चिकित्सालय सम्भल के पद पर देय होगी। निविदा का मूल्य जी.एस.टी. सहित (बैंक ड्राफ्ट) रू. पाँच सौ मात्र) जो कि मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला संयुक्त चिकित्सालय सम्भल के पद पर देय होगी।

ई–निविदा अपलोड करने की दिनांक 08.08.2026 को प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 21.08.2026 को सायंकाल 5.00 बजे तक व ई–निविदा खोलने की दिनांक 23.08.2026 अपरान्ह 2.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में।

निविदा में दो बिड प्रणाली (तकनीकी एवं वित्तीय बिड प्रणाली द्वारा आमंत्रित है)।

योजना के अनुसार शर्तें एवं नियम निम्नवत हैं।

1. जिन निविदादाताओं की तकनीकी बिड अर्ह होगी केवल उन्ही की वित्तीय बिड खोली जायेगी।
2. ई–निविदा खोलने के समय से 1 घण्टा पूर्व तक धरोहर राशि एवं शपथ पत्र की मूल कॉपी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करनी होगी मूल कॉपी जमा न होने की दशा में निविदादाता की निविदा तकनीकी प्रपत्र भी नहीं खोले जायेंगे अर्थात निविदा निरस्त मानी जायेगी।
3. निविदा सम्बन्धि जानकारी, विवरण नियम एवं शर्तें निविदा की प्रतिस्पर्धिता हेतु वेबसाईट पर लॉगिन करें एवं किसी भी प्रकार के संशोधन/विस्तार की सूचना वेबसाईट एवं कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर दी जायेगी

उपरोक्त ई–निविदा विभाग की वेबसाईट www.sambhal.nic.in पर तकनीकी एवं वित्तीय बिड की जानकारी उपलब्ध करने का कष्ट करें।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक
जिला संयुक्त चिकित्सालय, सम्भल

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक!
सर्किल कार्यालय : ARMB शाखा, रामगंगा विहार, निकट सेल टैक्स, मुरादाबाद (यू.पी.)
EMAIL: cs8281@pnb.co.in

ई–नीलामी विक्रय सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 (1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निमाण तथा प्रतिभूति हित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 साथ में पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 9 (1) के प्रावधान के अधीन अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना, आम जनता और विशेष रूप से कर्जदार (रों) और गारंटीदाता (ओं) को एतद्वारा सूचना दी जाती है कि प्रतिभूति लेनदार के पास बंधक पड़ी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका रचनात्मक/भौतिक/सांकेतिक कब्जा बैंक/प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, को सम्बन्धित कर्जदार (रों) और गारंटीदाता (ओं) से बैंक प्रतिभूत लेनदार के पास उनके बकायों की वसूली हेतु, निम्नांकित सारणी के अंकितानुसार तिथि को **"जैसी है जहां है", "जो भी है वही है"** आधार पर बेचा जायेगा। आरक्षित मूल्य तथा जमा धरोहर राशि, सम्बन्धित सम्पत्तियों के समक्ष निम्न सारणी में अंकितानुसार होगी।

ई–नीलामी की तिथि एवं समय– 02.09.2026 प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक एवं शाखा: ARMB (828100), मुरादाबाद

क्र. सं.	कर्जदार/बंधककर्ता/गारंटर का नाम	बंधक अचल सम्पत्तियों का विवरण सम्पत्ति स्वामी का नाम	सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचना की तिथि / सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि / कब्जे की प्रकृति	आरक्षित मूल्य (रूपये में) / ईएमडी (रूपये में) / बोली वृद्धिशील राशि
1	मैसर्स ए.एच हैंडीक्राफ्ट्स (ऋणी फर्म) श्री मो. अकरम, पुत्र श्री अल्ताफ हुसैन (मालिक/बंधककर्ता) श्रीमती नाजिया परवीन उर्फ निक्की, पत्नी श्री मो. अकरम	साम्यिक सम्पत्ति स्थित है दो सेल डीड (बिक्री विलेख) वाली रिहायशी सम्पत्ति नया गाँव, विद्या नगर, रेलवे स्टेशन हरथला के पास, तहसील और ज़िला मुरादाबाद (यू.पी.) (नामित है श्रीमती नाज़िया परवीन उर्फ निक्की, पत्नी श्री मो. अकरम) 1. बही संख्या: 01, जिल्द संख्या: 9593, पृष्ठ संख्या: 323–350, क्रम संख्या: 1422, दिनांक 19.02.2015 क्षेत्रफल 31.20 वर्ग मीटर। 2. बही संख्या: 01, जिल्द संख्या: 7623, पृष्ठ संख्या: 133–160, क्रम संख्या: 3610, तारीख 26.04.2012, क्षेत्रफल– 95.14 वर्ग मीटर रहायशी सिंगल–स्टोरी बिल्डिंग, कुल एरिया 126.34 वर्ग मीटर। **चौहद्दी: उत्तर:** अय्यूब का घर और 4.05 मीटर का रास्ता; **दक्षिण:** शराफत का घर; **पूर्व:** मो. साद्दीक का घर; **पश्चिम:** मो. रफी का घर।	09.06.2025 रू. 25,56,008.94/- + ब्याज और अन्य शुल्क, 09.06.2025 से प्रभावी सांकेतिक कब्जा	रू. 44,44,200/- रू. 4,44,420/- रू. 50,000/-
2	मैसर्स आलिया हैंडीक्राफ्ट (ऋणी फर्म) श्री. नावेद अहमद पुत्र श्री कमरुद्दीन (प्रो./बंधककर्ता) श्रीमती रिहाना खातून पत्नी श्री कमरुद्दीन	**टाइटल डीड नंबर 01** – आवासीय सम्पत्ति स्थित है मोहल्ला – छेबड़ा, नई आबादी, अमरोहा, (यू.पी) जिसका क्षेत्रफल 35.00 वर्ग मीटर, पंजीकृत है बही संख्या– 01, जिल्द संख्या–– 7871, पृष्ठ संख्या– 33–46, क्रम संख्या– 19021, दिनांक 07.11.2015 (नामित है श्रीमती रिहाना खातून पत्नी श्री कमरउद्दीन), **चौहद्दी: उत्तर में:** 3.66 मीटर चौड़ा रास्ता, **दक्षिण में:** शरफुद्दीन और फ़ज़लू की ज़मीन, **पूर्व में:** नई खरीदार रिहाना का प्लॉट, **पश्चिम में:** आज़म का प्लॉट। **टाइटल डीड नंबर 02** – आवासीय सम्पत्ति स्थित है मोहल्ला –छेबड़ा, नई आबादी, अमरोहा, (यू.पी.) जिसका क्षेत्रफल 35.00 वर्ग मीटर, (नामित है श्रीमती रिहाना खातून पत्नी श्री कमरउद्दीन), पंजीकृत है बही संख्या– 01, जिल्द संख्या– 7871, पृष्ठ संख्या– 47–60, क्रम संख्या– 19022, दिनांक 07.11.2015 **चौहद्दी: उत्तर में:** 3.66 मीटर चौड़ा रास्ता, **दक्षिण में:** शरफुद्दीन और फ़ज़लू की ज़मीन, **पूर्व में:** खाली प्लॉट, **पश्चिम में:** नई खरीदार रिहाना का प्लॉट।	09.06.2025 रू. 20,28,688.67/- + ब्याज और अन्य शुल्क, 09.06.2025 से प्रभावी सांकेतिक कब्जा	रू. 17,01,000/- रू. 1,70,100/- रू. 20,000/-
3	कार्तिक आर्यन बिल्डर्स और प्रॉपर्टी डीलर (ऋणी फर्म) श्री मुकेश कुमार पुत्र राम अवतार श्री सुनीता पत्नी स्वर्गीय ओम प्रकाश गंगवार कार्तिक गंगवार पुत्र स्वर्गीय ओम प्रकाश गंगवार उत्कर्ष गंगवार पुत्र स्वर्गीय ओम प्रकाश गंगवार ओम कमल गंगवार पुत्र थान सिंह ओम आनंद गंगवार पुत्र थान सिंह।	**प्रॉपर्टी नंबर 01**– तीन मंज़िला रिहायशी इमारत का हिस्सा ग्राउंड फ़्लोर (133 वर्ग मीटर), पहली मंज़िल (133 वर्ग मीटर) और दूसरी मंज़िल (69.98 वर्ग मीटर); ज़मीन का कुल क्षेत्रफल 133.779 वर्ग मीटर; प्रॉपर्टी गाँव–रसडंडिया, केमरी से मिलक रोड, तहसील–मिलक, ज़िला–रामपुर, यूपी में स्थित है। (नामित है स्वर्गीय श्री ओम प्रकाश गंगवार, श्री ओम कमल और श्री ओम आनंद पुत्र श्री थान सिंह) (सेल डीड नंबर 4888, दिनांक 06.11.2012, जिल्द संख्या– 2363, पृष्ठ संख्या– 147 से 174 **चौहद्दी: पूर्व** – मिलक–केमरी रोड, **पश्चिम** – मालिक का प्लॉट, **उत्तर** – दूसरे का घर, **दक्षिण** – मालिक का प्लॉट। **प्रॉपर्टी नंबर 02**– रिहायशी प्लॉट स्थित है जिसक क्षेत्रफल 131.09 वर्ग मीटर गाँव–रसदंडिया, तहसील–मिलक, ज़िला–रामपुर (यू.पी.–244921) सेल डीड नंबर 7103, दिनांक 10.11.2016, जिल्द संख्या– 3151, पृष्ठ संख्या– 175 से 200) (नामित है श्री मुकेश कुमार पुत्र श्री राम अवतार) **चौहद्दी: पूर्व** – 12 फीट चौड़ा रास्ता, **पश्चिम** – जगन लाल का खेत, **उत्तर** – किसी अन्य व्यक्ति का प्लॉट, **दक्षिण** – दूसरों का प्लॉट।	08.08.2023 रू. 42,98,186.00/- + ब्याज और अन्य शुल्क, 08.08.2023 से प्रभावी सांकेतिक कब्जा	सम्पत्ति न. 1 के लिए रू. 41,48,000/- रू. 4,14,800/- रू. 25,000/- सम्पत्ति न. 2 के लिए रू. 8,90,000/- रू. 89,000/- रू. 15,000/-
4	मैसर्स रंधावा एंटरप्राइजेज (ऋणी फर्म) श्री रंजीत सिंह, पुत्र परगत सिंह (मालिक और बंधककर्ता)	रिहायशी और गोदाम वाली इमारत का कुल क्षेत्रफल 4.14 हेक्टेयर है और हिस्सा 0.202 हेक्टेयर (या 2020 वर्ग मीटर) है। (नामित है श्री परगत सिंह पुत्र रंजीत सिंह) गाँव–सदरखेड़ा, तहसील–बिलासपुर, ज़िला–रामपुर इसका खाता नंबर 72 और खसरा नंबर 56 बिलासपुर (ज़िला–रामपुर) दिनांक 28.09.2016 के आदेश के तहत मॉर्गेज (गिरवी) किया गया है। इसका कंप्यूटर वाद नंबर T2016135917041774 है पंजीकृत है बही संख्या– 01, पृष्ठ संख्या– 335 से 346, सेल डीड संख्या– 7865, दिनांक 26.12.2016 है। **चौहद्दी: उत्तर** – हैप्पी सिंह का प्लॉट, **दक्षिण** – सदरखेड़ा गुरुद्वारा, **पूर्व** – जोधा सिंह का प्लॉट, **पश्चिम** – सतनाम सिंह का प्लॉट।	30.09.2022 रू. 41,16,082/- + ब्याज और अन्य शुल्क, 30.09.2022 से प्रभावी सांकेतिक कब्जा	रू. 62,95,000/- रू. 6,29,500/- रू. 50,000/-
5	मैसर्स राजा टेंट एजेंसी (ऋणी फर्म) श्री वकील अहमद, पुत्र श्री लईक अहमद (मालिक और बंधककर्ता)	सम्पत्ति स्थित है अमरोहा खास, चुंगी के अंदर, मोहल्ला – लाल मस्जिद, दानिश मंदन के पास, तहसील और ज़िला – अमरोहा (यू.पी.) जिसका क्षेत्रफल 261.00 वर्ग मीटर (नामित श्री वकील अहमद, पुत्र श्री लईक अहमद) पंजीकृत है बही संख्या– 1, जिल्द संख्या– 1114, पृष्ठ संख्या– 219 – 221, क्रम संख्या– 4852, दिनांक 24.08.1969 **चौहद्दी: उत्तर:** शाहनवाज़ का घर; **दक्षिण:** यासीन का घर; **पूर्व:** सरकारी सड़क; **पश्चिम:** सरकारी सड़क।	12.02.2026 रू. 21,07,740.14/- + ब्याज और अन्य शुल्क, 12.02.2026 से प्रभावी सांकेतिक कब्जा	रू. 1,27,25,000/- रू. 12,72,500/- रू. 50,000/-
6	मैसर्स विर्क टेक्सटाइल्स ट्रेडर्स (ऋणी फर्म) श्री मनप्रीत सिंह पुत्र श्री. सतनाम सिंह, श्री सतनाम सिंह, श्रीमती परमजीत कौर पत्नी श्री सतनाम सिंह, श्री. हितेंद्र कुमार पुत्र श्री हुस्न सिंह	**1.** साम्यिक सम्पत्ति स्थित है जिसका क्षेत्रफल 40.74 वर्ग मीटर 217, आवास विकास कॉलोनी, अमरोहा, (यूपी) (नामित है श्री सतनाम सिंह), पंजीकृत है बही संख्या– 1, जिल्द संख्या– 1471, पृष्ठ संख्या– 1 – 12, क्रम संख्या– 7146,दिनांक 07.08.2004, सब–रजिस्ट्रार कार्यालय अमरोहा, (यूपी.) **चौहद्दी: – उत्तर:** 6 मीटर चौड़ा रास्ता, **दक्षिण:** हाउस नंबर: 209, **पूर्व:** हाउस नंबर: 218, **पश्चिम:** हाउस नंबर 216 **2.** साम्यिक सम्पत्ति स्थित है जिसका क्षेत्रफल 40.74 वर्ग मीटर 217, आवास विकास कॉलोनी, अमरोहा, (यूपी) (नामित श्रीमती परमजीत कौर, पत्नी श्री सतनाम सिंह), पंजीकृत है बही संख्या– 1, जिल्द संख्या– 6003, पृष्ठ संख्या– 317 – 330, क्रम संख्या– 6568, दिनांक 29.04.2013, सब–रजिस्ट्रार कार्यालय अमरोहा, (यूपी.) **चौहद्दी:– उत्तर: